JUNE 2013
plus +2

No. of Printed Pages : **3**

6000249

3315

Register Number

Language – Part I – HINDI – Paper II

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 80

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नजर आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) उत्तर देने हेतु काला या नीला स्याही का ही प्रयोग कीजिए।

I. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग **तीन सौ** शब्दों में निबन्ध लिखिए : **1x15=15**

1. प्रिय कवि

2. आजकल का भारत

3. पुस्तकालय

4. दीपावली

II. निम्नलिखित में से **किसी एक** कहानी का सारांश लगभग **तीन सौ** शब्दों में लिखिए : **1x15=15**

5. बड़े घर की बेटी

6. एक भिखारी का दान

7. अकेली

8. परमात्मा का कुत्ता

III. पत्र लेखन : **1x10=10**

9. स्थानीय नगरपालिका में हाल में रिक्त हुए एक लिपिक पद के लिए एक आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

10. पाँच दिन की यात्रा का वर्णन करके मित्र को एक पत्र लिखिए।

[Turn over

IV. 11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5x2=10

'समय ही धन है' – यह कहावत वर्तमान प्रगति तथा स्पर्धा के युग के लिए पूर्ण चरितार्थ होती है। समय तथा श्रम को बचानेवाले अनेक यंत्रों का आविष्कार हो चुका है तथा अनेक का हो रहा है। सारांश-लेखन यद्यपि कोई यांत्रिक उपाय नहीं है, परन्तु यह एक कला है, जिसके द्वारा श्रम तथा समय बचाने में सहायता मिली है। सारांश लेखन की कला का महत्व एक विद्वान ने सुन्दर शब्दों में इस प्रकार बतलाया है, ''यदि बातचीत से मनुष्य वाक्-पटु हो जाता है, अध्ययन से पूर्ण मनुष्य हो जाता है तो सारांश लेखन से मनुष्य वाक्-पटु तथा पूर्ण दोनों ही हो जाता है।''

प्रश्न :

(अ) 'समय ही धन है' – किस बात के लिए चरितार्थ होता है।

(आ) सारांश लेखन यांत्रिक उपाय है या कला? क्यों?

(इ) मनुष्य कब वाक्-पटु और पूर्ण बनता है?

(ई) सारांश लेखन का महत्व विद्वानों ने कैसे व्यक्त किया है।

(उ) इस अंश का उचित शीर्षक लिखिए।

V. 12. निम्नलिखित का संधि कीजिए : 5x1=5

(अ) सदा + एव

(आ) गै + अक

(इ) सत् + चरित्र

(ई) सम् + जय

(उ) निर् + रज

13. निम्नलिखित का सन्धि-विच्छेद कीजिए : 5x1=5

(अ) प्रायश्चित

(आ) तल्लीन

(इ) जगद्बन्धु

(ई) उद्धरण

(उ) महैश्वर्य

5x1=5

VI. 14. निम्न शब्दों के समास-विग्रह करके नाम बताइए :

(अ) प्रत्यक्ष

(आ) रेखांकित

(इ) देशभक्ति

(ई) ग्रामवास

(उ) अनपढ़

5x2=10

VII. 15. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर लिखिए :

(अ) बिल्ली को दूध पसन्द है।
(वचन बदलकर लिखिए)

(आ) राम दो बैल खरीदेगा।
(पूर्ण भूतकाल में लिखिए)

(इ) लड़की चित्र बनाती है।
(वाच्य बदलें)

(ई) हम देश को सेवा करना चाहिए।
(शुद्ध कीजिए)

(उ) हम त्योहारों में नये कपड़े पहनते हैं।
(''हम'' के स्थान पर ''मैं'' का प्रयोग कीजिए)

10x½=5

VIII. 16. निम्न शब्दों में से **किन्हीं दस** के हिन्दी पर्याय लिखिए :

(i) Judge
(ii) Auditor
(iii) Officer
(iv) Supreme Court
(v) Airport
(vi) Labour
(vii) Hospital
(viii) Sports
(ix) Director
(x) Salary
(xi) Employee
(xii) Broadcast
(xiii) Employment
(xiv) Confidential
(xv) Certificate

- o 0 o -